महोदय, हम इनको बताना चाहते हैं कि ये जो मछुआरे समाज के प्रति इनडिफरेंस और नेग्लेक्ट की बात कर रहे थे, तो हम इन्हें बताना चाहते हैं कि वर्ष 2014 के बाद जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सत्ता संभाली, तो हर क्षेत्र पर, हर क्षेत्र के लोगों पर उन्होंने ध्यान दिया। उनकी यह सोच रही है कि अगर हमें देश को आगे बढ़ाना है तो समाज के हर तबके को आगे बढ़ाना पड़ेगा और इसलिए उन्होंने फिशरीज सेक्टर पर ध्यान दिया। उन्होंने वर्ष 2019 में इस विभाग को अलग किया। उसके पहले उन्होंने 'ब्लू रिवॉल्यूशन' के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों और मछुआरे भाइयों के कल्याण की योजना की शुरुआत की। वर्ष 2019 में उन्होंने फिशरीज डिपार्टमेंट को अलग किया, ताकि उस पर ध्यान केन्द्रित करके उस क्षेत्र में काम किया जा सके। उसके बाद उन्होंने प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना चलायी। इन सबके बाद उन्होंने फिशरीज़ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफ.आई.डी.एफ.) बनाया, ताकि इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट में और भी योगदान किया जा सके। यह उनका प्रयास रहा। इसके कारण पूरे देश में आज बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना का विकास हुआ।

(1445/GG/RCP)

अभी शशि थरूर साहब बोल रहे थे। शशि थरूर साहब मुझसे भी मिले थे। उनकी समस्या के साथ मुझको सहानुभूति है। मैंने उनको बताया भी है कि आपकी समस्या के साथ मेरी सहानुभूति है, लेकिन उसका रास्ता है कि राज्य सरकार से रिश्ता थोड़ा ठीक कर लीजिए, तो आपका बाकी सब कल्याण हो जाएगा। ... (व्यवधान) अब उनके पास पैसे नहीं है। थरूर साहब, आपको देने के लिए नहीं हैं। आप थोड़ा रिश्ता सुधार लीजिएगा तो आपका पैसा भी निकल आएगा। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ये तो अपोज़िशन में हैं, रिश्ता क्यों सुधारेंगे।

… (व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अध्यक्ष महोदय, आदरणीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के इनिशिएटिव के कारण पूरे कोस्टल इलाके में फिशिंग हार्बर्स और लैंडिंग सेंटर्स का विस्तार हुआ। वैसल के लिए सुरक्षित बर्थिंग बनाई गई। लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा के लिए सारे प्रयास किए गए। उसका परिणाम है कि हमने बताया कि एफआईडीएफ के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर का और डेवल्पमेंट हुआ। वे केरल की बात कर रहे हैं। हम केरल की भी बात बता देते हैं कि 1359.10 करोड़ रुपये की योजना केरल राज्य के लिए भी स्वीकृत हुई। इसलिए कि मोदी सरकार का यह मानना है कि किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं करना है। सबके लिए समान रूप से विचार करना है। सबका उत्थान होगा तो देश का उत्थान होगा। तब विकसित देश का निर्माण होगा। केरल में 12 फिशिंग हार्बर्स का विस्तार हुआ, मॉर्डनाइज़ेशन हुआ। एक लाख 69 हज़ार 316 मछुआरा भाइयों को प्रतिबंध की अवधि में सहायता प्रदान की गई। वहां के मछुआरा भाइयों को नाव दी गई, गरीब लोगों को जाल दिया गया। कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए कार्यक्रम चला कर उनमें कौशल विकास और क्षमता निर्माण कराया गया। आर्टिफिशल रिब्स का निर्माण हुआ। मत्स्य सेवा केंद्र का वहां गठन हुआ। 996 मॉर्डन कोस्टल फिशिंग विलेजिस हैं। वे चर्चा कर रहे थे पीने के पानी की, सारी सुविधाओं की, उन सारी सुविधाओं का वहां प्रावधान किया गया है। क्लाइमेट रेज़िलेंट विलेजिस का निर्माण भी केरल में स्वीकृत किया गया है। नेशनल फिशरी डेवल्पमेंट बोर्ड को उसकी नोडल एजेंसी बनाया गया है। मछुआरा भाइयों की सारी समस्याओं के समाधान के लिए मोदी जी की सरकार चिंतित है। उसके अलावा मोदी जी सरकार ने मछुआरा भाइयों के लिए सोशल और इकोनॉमिकल तथा उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देने का काम मोदी सरकार ने किया है। ग्रुप इंश्योरेंस की स्कीम किसने चलाई? ग्रुप इंश्योरेंस की स्कीम मोदी जी की सोच का परिणाम है कि जब मछुआरा भाइयों की दुर्घटना में मृत्यु होती है तो पांच लाख रुपये दिए जाते हैं। अगर गंभीर रूप से घायल है तो ढाई लाख रुपये और कम घायल हैं तो 25 हज़ार रुपये की सहायता उनको ग्रुप इंश्योरेंस स्कीम से दी जाती है। किसान क्रेडिट कार्ड किसकी योजना है? प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की योजना है। किसके उत्थान के लिए है? उन मछुआरा भाइयों के उत्थान के लिए है। वीड कल्टीवेशन किसकी सोच है? इस सरकार की सोच है। मैरिकल्चर, उनकी आर्थिक उन्नत के लिए है। ओपनसी केज कल्चर, ऑर्नामेंटल फिशरीज़ को बढ़ाया गया, ताकि उनकी आमदनी बढ़े। परंपरिक मछुआरों के लिए नाव और जाल की व्यवस्था की गई। डीप सी वैसल्स के निर्माण के लिए प्रावधान किया गया। फिशिंग वैसल्स का अपग्रेडेशन हुआ। ट्रांस्पोंडर, जिसकी चर्चा बालू साहब कर रहे थे और कई साथी कर रहे थे कि हमारे फिशरमैन फिशिंग करते हुए बॉर्डर पार कर जाते हैं।

(1450/MY/PS)

हमारे फिशरमैन फिशिंग करते हुए बॉर्डर पार कर जाते हैं। महाराष्ट्र के पालघर से माननीय प्रधानमंत्री जी ने ट्रांसपॉन्डर को लॉन्च किया। ट्रांसपॉन्डर एक ऐसा हथियार है, जो हमारे मछुआरे भाइयों को मदद करता है। हमारे मछुआरे भाई हमारे देश की सीमा को जैसे ही क्रॉस करेंगे, उनको

यह ट्रांसपॉन्डर सिंग्नल देगा कि आप देश की सीमा क्रॉस कर रहे हैं। यह सेटेलाइट से जुड़ा हुआ है। इसे किसी भी एन्ड्रॉइड फोन से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके माध्यम से उनको सूचना मिलेगी। ट्रांसपॉन्डर के माध्यम से उनको समुद्री तूफान की सूचना मिलेगी। ट्रांसपॉन्डर के माध्यम से उनको यह जानकारी भी मिलेगी कि कौन से इलाके में आपका कैच ज्यादा संख्या में उपलब्ध है। वहां आप फिशिंग करने का काम कीजिए। इससे उनका डीजल बचेगा, उनका किरोसीन बचेगा, उनको मेहनत कम करना पड़ेगा और कैच उपलबध होगा। वे इस ट्रांसपॉन्डर के माध्यम से अपने परिवार के साथ जुड़े रहेंगे। वे वेसल्स के मालिक के साथ जुड़े रहेंगे। एक लाख मछुआरा भाइयों को मुफ्त में ट्रांसपॉन्डर देने के लिए सरकार का फैसला है। कई राज्यों में इसका काम शुरू हो गया है। यह हमारे मछुआरे भाइयों को दिया जा रहा है। आज उनको ट्रांसपॉन्डर की सुविधा प्राप्त हो गई।

महोदय, एक सौ कोस्टल विलेजेज को हंड्रेड परसेंट संपोषण के साथ कोस्टल फिशरमैन रेसेलिएन्ट विलेज के रूप में चिन्हृत किया गया है। उनका चयन हुआ है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मछुआरे भाइयों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा किट हेतु फंड निर्धारित किया गया है। उनको जीपीएस की सुविधा दी जाती है। उनको लाइफ जैकेट दिया जाता है। डिस्ट्रेस एलर्ट एवं ट्रांसमीटर की सुविधा उनको दी जाती है। उनको सर्च एंड रेस्क्यू बीकेन दिया जाता है। ये सारी सुविधाएं किसके लिए हैं? इन सारी सुविधाओं की व्यवस्था हमारे मछुआरे भाइयों के लिए किया गया है। मछुआरा भाइयों की चिंता मोदी सरकार ने की है। आपकी सरकार ने इतने दिनों तक उनकी चिंता नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इसी प्रयास का परिणाम आज दिख रहा है। आप फिश प्रोडक्शन की बात करते हैं।... (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): I have a point of order. ... (*Interruptions*)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह: अध्यक्ष महोदय, वेणुगोपाल साहब कह रहे थे कि मछुआरे भाई सुबह जाते हैं, शाम को बिना मछली के आ जाते हैं, उनकी रोजी-रोटी का क्या होगा, वे भूखे मरेंगे। वर्ष 2013-14 तक जब आपकी सरकार थी, 95.5 लाख टन फिश प्रोडक्शन होता था। मोदी जी की सरकार के दस साल के शासन काल में 184.02 लाख टन फिश का प्रोडक्शन हो रहा है। यह प्रोडक्शन कौन कर रहा है? यह प्रोडक्शन हमारे वही मछुआरे भाई कर रहे हैं, जो समुद्र से मछली मार कर लाते हैं। वे देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान करते हैं और अपनी रोजी-रोटी के लिए भी काम करते हैं। हमारा एक्सपोर्ट बढ़ा है। वर्ष 2013-14 में आपके शासनकाल में 30,212 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट होता था। आज वर्ष 2023-24 में 60,523 करोड़ रुपये का एक्स्पोर्ट हो रहा है। इन दस वर्षों में हमने दोगुना एक्सपोर्ट करने का काम किया है।

महोदय, झींगा उत्पादन के बारे में कहना चाहूंगा कि इनके शासनकाल में झींगा उत्पादन 3.22 लाख टन होता था। मोदीजी के शासनकाल में 11.84 लाख टन झींगा का उत्पादन हुआ है। आप कह रहे हैं कि फिशरिज सेक्टर में कोई प्रयास नहीं हुआ है। फिशरमैन पर ध्यान नहीं दिया गया। फिशरमैन नेग्लेक्टेड हैं। फिशरमैन इनडिफरेंस हैं। यह क्या तरीका है? ऐसा नहीं है। आपके जीवीए के बारे में भी बता देता हूं। हमारे जीवीए में फिशरिज सेक्टर का 9.08 परसेंट का रेगुलर ग्रोथ है। वर्ष

2024-15 में जीवीए में 0.844 परसेंट फिशरिज का कंट्रीब्यूशन था। आज यह बढ़ कर 1.12 परसेंट हो गया है। यह हमारी उपलब्धि है। आप कह रहे हैं कि जीवीए में कृषि के ओवरऑल स्थिति क्या है? वर्ष 2014-15 में जीवीए में कृषि का ओवरऑल कंट्रीब्यूशन 5.12 परसेंट था। आज यह बढ़ कर 7.2 परसेंट हो गया है। इसमें 41.79 परसेंट का ग्रोथ है। आपको क्या समझ में आएगा? यह बात आपको समझ में नहीं आएगी। आपको कोई भी बात समझ में नहीं आती है।

(1455/CP/SMN)

अध्यक्ष महोदय, बालू साहब और कई सदस्यों ने श्रीलंका के साथ बात करने की बात कही।…(व्यवधान) श्रीलंका में जो नांवें जब्त होती हैं, जब हमारे मछुआरे भाई श्रीलंका के बार्डर में चले जाते हैं, तब की बात है। …(व्यवधान)

1455 बजे

(इस समय श्री के. सी. वेणुगोपाल, श्री टी. आर. बालू, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा से बाहर चले गए।)

हम आपको एक बात बताना चाहते हैं कि 6 जॉइंट वर्किंग ग्रुप्स बने हुए हैं। … (व्यवधान) ऑनरेबल प्रधान मंत्री जी ने भी कई बार इस मामले को उठाया है। … (व्यवधान) विदेश मंत्रालय लगातार इस मामले को उठा रहा है और जॉइंट वर्किंग ग्रुप बना हुआ है।… (व्यवधान) उसकी 6 बैठकें हो चुकी हैं।… (व्यवधान) मोदी सरकार में मत्स्य पालन के क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है।… (व्यवधान) मछुआरे भाइयों का उत्थान हो रहा है। उनके उत्थान के लिए सरकार काम कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1456 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जिन्हें आज नियम 377 के अधीन मामले उठाने की अनुमति प्रदान की है, वे व्यक्तिगत रूप से अनुमोदित पाठ सभा पटल पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

Re: Increasing demographic change in the country

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : भारत एक विविधता वाला देश है, जहां विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और भाषाओं के लोग रहते हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की आबादी 121 करोड़ से ज्यादा है। इसमें 96.63 करोड़ हिंदू और 17.22 करोड़ मुस्लिम हैं। भारत की कुल आबादी में 79.8% हिंदू, 14.2% मुस्लिम और बाकी के 6 प्रतिशत में ईसाई, सिख, बौद्ध और जैन आदि धर्म के लोग है। पिछले 20 वर्षों में असम समेत पूर्वोत्तर भारत के कुछ प्रदेशों, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ी है। बांग्लादेश से हो रही घुसपैठ यहां बाहरी आबादी के तेजी से बढ़ने का प्रमुख कारण है। असम में लगभग 34%, पश्चिम बंगाल में 27%, केरल में 26%, उत्तर प्रदेश में 20% और बिहार में 17% मुसलमान है। 1951 में देश में मुसलमानों की आबादी 2.8 करोड़ थी, जो आज 7 गुना बढ़कर 20 करोड़ हो गई है। जबकि हिन्दुओं की आबादी केवल 3 गुना बढ़कर 30 करोड़ से 90 करोड़ हुई है। अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए देश में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन और जनसँख्या वृद्धि को रोकने के उपायों को क्रियान्वित किया जाए।

(इति)

Re: Land for proposed establishment of military station in Deoghar, Jharkhand

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Deoghar has been included in the list of prominent cities and has been declared as a mega tourist destination by the Ministry of Tourism, Govt. of India. Deoghar is a unique and extremely revered site of one of the 51 Shaktipeeths and also of Dwadash Jyotirlings in the country. This is a religious and cultural capital of Eastern India and is visited by over 5 crore pilgrims every year. I request for kind consideration of the requirements of land for the proposed Military Station, the area available will be approximately 400 acres which can be reduced or increased once the feasibility is done. The land will be near the ongoing DRDO centre project at Deoghar (Jharkhand); DRDO Lab at Deoghar; Ordinance Factory or any defence infrastructure project at Deoghar; Sainik School at Godda (Jharkhand) and Defence Recruitment Centre at Deoghar. The large parts of the state are affected by Naxalism and terrorism. The spread of Naxalism and terrorism is an indication of the sense of desperation and alienation that is sweeping over the large sections of Jharkhand's Santhal Pargana region, which have been not only been systematically marginalized but also cruelly exploited and dispossessed.

(ends)

Re: Need to facilitate availability of Solar energy based Agricultural equipments to farmers in Balaghat and Seoni in Madhya Pradesh

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) : मैं आज बालाघाट और सिवनी के किसानों के लिए सोलर ऊर्जा आधारित कृषि उपकरणों की उपलब्धता पर चर्चा करना चाहती हूँ। यह क्षेत्र कृषि पर निर्भर है, और किसानों को दिन-प्रतिदिन ऊर्जा की आवश्यकता होती है। पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती लागत और निर्भरता के कारण, सोलर ऊर्जा आधारित कृषि उपकरण एक स्थायी और किफायती विकल्प के रूप में उभर कर सामने आए हैं। सोलर पंप, सोलर ड्रायर, सोलर लाइटिंग सिस्टम जैसे उपकरण किसानों को ना केवल लागत में कमी लाने में मदद करते हैं, बल्कि ये पर्यावरण के अनुकूल भी होते हैं। सोलर ऊर्जा की उपयोगिता से किसानों को अपनी फसल की सिंचाई, भंडारण और अन्य कृषि गतिविधियों में सहायता मिलती है, जिससे उत्पादन बढ़ता है और आय में सुधार होता है। केंद्र और राज्य सरकारें पहले ही कई योजनाओं के माध्यम से सोलर उपकरणों को सब्सिडी और ऋण के रूप में उपलब्ध करवा रही हैं। मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि बालाघाट-सिवनी के किसानों के लिए इन उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाई जाए, ताकि किसान सशक्त हों और अपनी कृषि प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और आर्थिक बना सकें।

(इति)

Re: Need for upgradation of power-grids to facilitate implementation of PM-KUSUM and PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana

श्री गणेश सिंह (सतना) : माननीय प्रधान मंत्री जी ने अक्षय-ऊर्जा को बढ़ावा दे कर भारत को विश्व के अग्रणी देशों की पंक्ति में लाने का जो संकल्प लिया है, वह अति-प्रशंसनीय है। उन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जैसी महत्वाकांक्षी प्रोग्राम्स के माध्यम से देश के किसानो और आम जनता को लाभान्वित कर गरीबी पर कड़ा प्रहार किया है। यह भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। किंतु, अक्षय ऊर्जा, खास कर सौर और पवन ऊर्जा, दिन के समय कभी-कभी उपलब्ध हो पाती हैं। इस तकनीकी चैलेंज के चलते, पॉवर ग्रिड ऑपरेटर और पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियाँ ग्रिड बैलेंसिंग कठिनाई का सामना कर या तो बिजली-आपूर्ति की दरें बढ़ा रही हैं या सौर-पवन ऊर्जा ख़रीद ही नहीं रही हैं। उपयुक्त ग्रामीण ग्रिड भी कम उपलब्ध हैं इस कारण कुसुम योजना में 2 मेगावाट की लिमिट है। ऐसी ऊर्जा को ग्रिड में समावेशित करने के लिए, ग्रिड-उन्नयन या नए ग्रिड निर्माण का काम अपेक्षित गति से नहीं चल रहा। मेरा आग्रह है शीघ्र ग्रामीण क्षेत्र में पीएम कुसुम और पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के लिए ग्रिड उन्नयन का एक विशिष्ट कार्यक्रम प्रारंभ हो जिसमे, कार्बन मार्केट सहित, अंतरराष्ट्रीय सस्ते क्लाइमेट फाइनेंस को वृहद रूप से उपलब्ध कराने का प्रावधान हो ताकि सभी राज्य इसे तेजी से अपना सके।

(इति)

Re: Railway related issues of Maldaha Uttar Parliamentary Constituency

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं माननीय रेल मंत्री महोदय का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र माल्दहा उत्तर (पश्चिम बंगाल) की महत्वपूर्ण रेल आवश्यकताओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीन नए स्टेशन एकलकखी स्टेशन, सिंगाबाद स्टेशन तथा गाजोल स्टेशन का विकास होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। मेरे लोकसभा क्षेत्र माल्दहा उत्तर (पश्चिम बंगाल) से बड़ी संख्या में लोग देश के अलग-अलग कोनों में काम करने के लिए जाते हैं। उनकी सुविधा के लिए निम्नलिखित चार नई सुपरफास्ट ट्रेनों की आवश्यकता है— मालदा से नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन, मालदा से बेंगलुरु सुपरफास्ट ट्रेन, मालदा से मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन, मालदा से अहमदाबाद सुपरफास्ट ट्रेन। इन ट्रेनों के संचालन से न केवल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र का आर्थिक विकास भी तेजी से होगा। मेरे लोकसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु निम्नलिखित तीन रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाए— बुलबुलचंडी से गंगारामपुर (वाया पकुवाहाट) गाजोल से गुंजोरिया (वाया ईटाहार) समसी से बारसोई (वाया चांचल) ये तीनों परियोजनाएँ क्षेत्र के यातायात और व्यापार में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती हैं। नई रेल लाइनों के निर्माण से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

(इति)

Re: Need to establish a Convention Centre in North-West Delhi Parliamentary Constituency

श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाना चाहिए। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि केंद्र सरकार ने द्वारका में भव्य यशोभूमि का निर्माण किया है, जो विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। इस प्रतिष्ठित परियोजना से प्रेरित होकर, मुझे दृढ़ता से लगता है कि निर्वाचन क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्तर पश्चिमी दिल्ली में भी इसी तरह के कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता है। यह केंद्र न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसर पैदा करेगा और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा। उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश में सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे यहां के निवासियों को बहुत लाभ होगा, आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए तत्काल आवश्यक भूमि और धनराशि आवंटित की जाए।

(इति)

Re: Need to establish a Sports Complex in Vicharpur in Shahdol Parliamentary Constituency

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल) : मेरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शहडोल (मध्य प्रदेश) आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है।माँ,नर्मदा,सोंन,जोहिला जैसी विशाल नदियों के उद्गम स्थल अमरकंटक के सुरम्य वनों में क्षेत्र विस्तारित है।विश्व के लोकप्रिय नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का शहडोल में जुलाई 2023 में प्रवास हुआ था,माननीय प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्र के फुटबाल खिलाडियों से संवाद करते हुए पूछा आप लोग कहाँ से है,खिलाडियों ने उत्तर दिया हम मिनी ब्राज़ील से हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र का ग्राम विचारपुर मिनी ब्राज़ील के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहाँ के हर घर में फुटबॉल खिलाड़ी हैं व 3-4 पीढ़ी से खेलते आ रहे हैं।माननीय प्रधानमंत्री जी ने हाल ही में पॉडकास्ट के अपने साक्षात्कार में भारत के इस मिनी ब्राज़ील का उल्लेख किया,जिसके लिए क्षेत्र की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करती हूँ। विचारपुर तथा उसके आस-पास के ग्रामों के युवा अनेक खेलों में रूचि रखते हैं,किन्तु सुविधा युक्त खेल स्टेडियम न होने से इनकी प्रतिभा को उचित दिशा नहीं मिल पाती मैं आपके माध्यम से मांग करती हूँ कि विचारपुर में एक सर्व सुविधा युक्त स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए, जिसमे फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कब्बड्डी ,क्रिकेट आदि खेलों का प्रशिक्षण,अभ्यास की सुविधाएं,राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएँ आयोजित कराने की व्यवस्था हो।

(इति)

Re: Need to establish Indoor Stadium in Sandila/Bilhaur in Misrikh Parliamentary Constituency

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) : मैं केंद्र प्रायोजित "खेलो इंडिया योजना" की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । जिसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्ट प्राप्त करना है। जिससे लोग इसके व्यापक प्रभाव के माध्यम से खेलकूद की क्षमता का उपयोग कर सकें। खेलो इंडिया कार्यक्रम में खेल के मैदान का विकास करना सामुदायिक खेलों को बढ़ावा देना, ग्रामीण और स्वदेशी खेलों के साथ-साथ स्कूल और विश्वविद्यालय दोनों स्तरों पर एक मजबूत खेल प्रतियोगिता संरचना की स्थापना, दिव्यांगजनों के लिए खेल तथा महिला खेल तथा महिला खेल और स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय शारीरिक फिटनेस अभियान का कार्यान्वयन करना शामिल है। मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, खेलो इंडिया योजना से खेल के बुनियादी ढांचे और खेल के मैदान की सुविधाओं के प्रावधान के माध्यम से निश्चित रूप से मेरे क्षेत्र के संडीला में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों का विकास होगा। मैं आपके माध्यम से माननीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि हरदोई जिला के संडीला/बिल्हौर को “खेलो इंडिया योजना” के तहत शामिल किया जाए एवं इस योजना के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के संडीला/बिल्हौर में एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की जाए।

(इति)

Re: Need to provide stoppage to trains at Ren Railway Station in Rajsamand Parliamentary Constituency

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमन्द) : मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द राजस्थान के अतर्गत आने वाले रेण स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है परन्तु यहाँ ट्रेनों के कम स्टॉप हैं | यह स्थान मीरामाई की नगरी मेड़तासिटी और श्री संत चतुरदास जी का बुटाटी धाम के निकट है | जहाँ मीरामाई के स्थान के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भक्त आते हैं वहीँ बुटाटी धाम में लकवा से ग्रसित मरीज भी इलाज के लिए बड़ी संख्या में आते हैं | परन्तु रेण स्टेशन में ट्रेनों का स्टापेज न होने के कारण आवागमन में भारी असुविधा होती होती है अत: आपके माध्यम से मेरी मांग है कि निम्नलिखित ट्रेनों का स्टाप रेण रेलवे स्टेशन पर किया जाये:-

1-JAT BDTS EX 19027/28
2-HSR BDTS SF 22915/16
3-RUNICHA EX 14087/88
4-BVS HW EX 19271/72
5-SALASER EX 22421/22

(इति)

Re: Sanction of new railway projects in Chhattisgarh

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : छत्तीसगढ़ प्रदेश में मेरे लोकसभा क्षेत्र दुर्ग (मध्य प्रदेश) से होकर गुजरने वाले नवीन रेलवे लाईन परियोजनाएं यथा - रावघाट रेलवे स्टेशन से जगदलपुर (व्हाय- दुर्ग, दल्लीराजहरा, रावघाट, कोण्डागांव, बस्तर) तक, 2. दुर्ग रेलवे स्टेशन से बेमेतरा तक 3. खरसिया-बलौदाबाजार-नवा रायपुर-पाटन-सेलूद-मचान्दुर-रिसामा-दुर्ग नवीन रेल परियोजना की स्वीकृति हेतु क्षेत्र की जनता द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है। जिसको स्वीकृत किया जाना आम जनता एवं क्षेत्र के विकास हेतु अत्यन्त आवश्यक है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त रेल परियोजनाओं की स्वीकृति एवं निर्माण हेतु शीघ्र आवश्यक कदन उठाए जाएं।

(इति)

Re: Need to develop Sitabinj in Keonjhar district, Odisha as a tourist place

श्री अनन्त नायक (क्योंझर) : मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान ओडिशा के क्योंझर जिले में स्थित सीताबिंझ (Sitabinj) के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह स्थल न केवल पुरातात्विक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। सीताबिंझ अपने प्राचीन गुफा चित्रों और शिलालेखों के लिए प्रसिद्ध है, जो लगभग 5वीं-6वीं शताब्दी के गुप्तकालीन माने जाते हैं। यहाँ की रावण छाया गुफा (Ravan Chhaya Rock Shelter) एक विशाल शिलाखंड है, जिसके नीचे प्राचीन भित्ति चित्र उकेरे गए हैं। यह क्षेत्र प्राचीन जैन और बौद्ध संस्कृति से भी जुड़ा हुआ माना जाता है। यह स्थान राज्य और केंद्र सरकार की पर्यटन योजनाओं के तहत संरक्षित किया जाए साथ ही, यहाँ तक सड़क संपर्क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने की आवश्यकता है। अतः, मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि सीताबिंझ को एक संरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु विशेष योजना बनाई जाए, जिससे यहाँ के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित किया जा सके और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिले।

(इति)

Re: Need to improve flight connectivity to Kanpur

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) : मैं माननीय नागरिक उड्यन मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कानपुर उत्तर प्रदेश की ओर केंद्रित करना चाहता हूँ। कानपुर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक, शैक्षिक और व्यावसायिक केंद्र है, जहां आईआईटी कानपुर, कई बड़ी औद्योगिक इकाइयाँ और व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं। इसके बावजूद, कानपुर एयरपोर्ट से वर्तमान में उड़ानों की संख्या बेहद कम है इससे यहाँ के व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और पर्यटकों को यात्रा में असुविधा का सामना करना पड़ता है।मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है की कानपुर के औद्योगिक विकास के लिए कानपुर से कलकत्ता, अहमदाबाद, चेन्नई, जम्मू, पुणे, अमृतसर, मुंबई के अलावा नियमित कानपुर से सुबह शाम कानपुर से दिल्ली एक अतिरिक्त फ्लाइट तथा बनारस और अयोध्या के लिए साप्ताहिक फ्लाइट चालू की जाये, कानपुर हवाई अड्डे की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए, मुझे विश्वास है कि माननीय उड़यन मंत्री जी इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को प्राथमिकता देंगे और कानपुर को बेहतर हवाई सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएँगे।

(इति)

Re: Need for introduction of graded front of pack nutrition label and 'health tax' on sugary beverages and ultra-processed junk foods

SHRIMATI DAGGUBATI PURANDESWARI (RAJAHMUNDRY): I wish to draw the attention of the Government to the rising incidence of obesity, diabetes, and non-communicable diseases in India, driven largely by high consumption of sugar-sweetened beverages and junk foods. Countries like the UK, Singapore, Thailand, and Malaysia have successfully introduced sugar taxes and front-of-pack labelling systems like Nutri-Grade to curb sugar consumption. For example, Singapore's Nutri-Grade label mandates colour-coded grading (A to D) based on sugar content, and prohibits advertising of drinks with a 'D' grade. Preliminary data from Singapore shows a reduction in the median sugar level of packaged drinks from 7.1% in 2017 to 4.7% in 2021, and an increase in the sale of healthier A and B grade drinks. The UK's sugar levy has reduced sugar levels by 28.8% and is estimated to prevent over 5,000 cases of obesity annually among schoolgirls. India must urgently adopt a similar strategy and I urge the Government to introduce a graded front-of-pack nutrition label, levy a 'health tax' on sugary beverages and ultra-processed junk foods, and set mandatory limits on sugar and salt content in packaged items, as recommended by the Economic Survey. These steps are essential to protect the health of our young population and reduce the burden on public health systems.

(ends)

Re: Need for a 100-bedded ESI Hospital in Karur district, Tamil Nadu

SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR): I stand before you today to highlight an urgent issue concerning the welfare of Employees' State Insurance (ESI) beneficiaries in Karur district. As the fourth largest exporter of textiles in the country, Karur plays a vital role in India's economy, with around 65,000 ESI beneficiaries in the region. Currently, Karur only has an ESI dispensary, not a hospital. Beneficiaries are forced to travel to neighbouring districts like Trichy and Salem for ESI medical services. This is a hassle since most of the labour force consists of women and economically disadvantaged individuals. After my repeated efforts, the Ministry of Labour and Employment approved a 30-bed ESI hospital in Karur based on an initial estimate of around 30,000 beneficiaries. However, this number has significantly increased over time. As it stands, we have the eligibility for a 100-bed ESI hospital. I urge the Honourable Minister of Labour and Employment to approve the establishment of a 100-bed ESI hospital in Karur. This will provide much-needed healthcare access to the local workforce, reduce travel-related hardships, and improve the overall well-being of the community. (ends)

Re: Need to release the Pink Book (2025-2026) of Indian Railways

ADV. ADOOR PRAKASH (ATTINGAL): The Indian Railways has not yet released the 'Pink Book' for 2025-26 even after 50 days the Union Budget was presented. The Pink Book is the major document which provides details on the allocation of funds for various projects, expenditures for safety and maintenance activities, infrastructure development and investments in doubling and new line projects. It is the blueprint for Railway zones to plan the projects for the next financial year. While the sanctioned works are long pending the delay in the release of Pink Book is not justifiable. The unusual delay has created problem for project planning and execution for the zonal railways. Pink Books are usually released within a few days, ever since the railway budget was integrated into the general budget in 2017. I request the Government to look into the matter and take necessary action at the earliest.

(ends)

Re: Need to construct a Washing Pit Line at Bandikui Junction in Rajasthan

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) : यात्रियों की सुविधा और भारतीय रेलवे के कुशल संचालन के लिए बांदीकुई जंक्शन पर वाशिंग पिट लाइन का निर्माण किया जाए। बांदीकुई जंक्शन ब्रिटिशकालीन है। अभी ट्रेनों की धुलाई के लिए भिवानी पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे ट्रेनों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। बांदीकुई रेलवे जंक्शन पर 700 बीघा से अधिक रेलवे की भूमि उपलब्ध है, जिसमें से केवल 10% का उपयोग हो रहा है। पहले, मीटर गेज लाइन के दौरान यहाँ वाशिंग पिट लाइन की सुविधा थी। यदि बांदीकुई जंक्शन पर वाशिंग पिट लाइन का निर्माण किया जाता है, तो मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की सफाई और मरम्मत का कार्य अधिक कुशलता और तेजी से हो सकेगा जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। बांदीकुई एक कस्बा होने के कारण रेलवे को अपने कर्मचारियों को सिटी अलाउंस देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, वाशिंग पिट लाइन की सुविधा उपलब्ध होने से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे यात्रियों को जयपुर, आगरा, दिल्ली, मुंबई और अन्य बड़े शहरों के लिए अधिक ट्रेनों की सुविधा मिल सकेगी। यह निर्णय पूर्वी राजस्थान के कई जिलों की जनता के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा और रेलवे के संचालन को अधिक प्रभावी एवं कुशल बनाएगा।

(इति)

Re: Need to construct underpasses/overbridges on the stretch of National Highway No. 66 from Edappally to Moothakunnam in Kerala

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): I bring attention to the NH 66 expansion project from Kasargodu to Trivandrum, specifically the significant stretch from Edappally to Moothakunnam. Local residents are protesting, demanding adequate infrastructure for safe crossing of the highway. I urge to provide sufficient underpasses and overpasses, engage with local communities to address concerns. It's our responsibility to ensure infrastructure development prioritizes local communities' safety and well-being.

(ends)

Re: Establishment of a multi-specialty ESIS Hospital in Latur, Maharashtra

DR. SHIVAJI BANDAPPA KALGE (LATUR): I take this opportunity to draw the attention of the Hon'ble Minister of Labour and Employment to establish multi-specialty ESIS Hospital in Latur (Maharashtra) for providing medical care facility to a large number of workers and their families. Latur has as many as 937 odd companies engaged in various products/commodities where thousands of workers are employed who are devoid of proper medical facilities. They are demanding to have an ESIS hospital at Latur. I earnestly request the Hon'ble Minister to explore the possibility of establishing an ESIS hospital at an appropriate location in Latur which will go a long way in mitigating the workers' long-standing demands.

(ends)

Re: Need to address the issues of farmers in Banda Parliamentary Constituency

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) : बुंदेलखंड का सारा क्षेत्र कृषि आधारित है। मैं बांदा चित्रकूट से चुनकर आती हूँ तथा मेरे संसदीय क्षेत्र में आर्थिक रूप से टूटा हुआ किसान मौत को गले लगाने में विवश है तथा अगर देखा जाए तो देशभर में बुंदेलखंड में ही किसानों की आत्महत्या के आंकड़े सबसे अधिक है। आज कृषि को लेकर सरकारों की संवेदनहीनता और स्थानीय अन्ना प्रथा सिंचाई के साधनों की कमी और फसल का उचित मूल्य न मिलना जैसी चुनौतियां भी हैं। सरकार ने अन्ना प्रथा की रोकथाम के लिए ग्रामीण गोशालाओं का निर्माण कराया किंतु स्थानीय प्रशासन की ओर से वांछित कदम न उठाए जाने से यह योजना भी आंकड़ों तक सीमित होकर रह गई है। मेरे गृहनगर बबेरू के ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों आहार, बड़ागांव, पल्हरी, देवरथा, पंडरी आदि के ग्रामीणों द्वारा एक वीडियो मेरे कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है जिसमें लगभग 500 अन्ना गोवंश पकी हुई फसल रौंदते हुए बर्बाद कर रहे हैं जिससे किसानों की आय दोगुना होने का सपना गौवंश द्वारा रौंद दिया गया है। एक और समस्या यह है कि आज भी एक्सप्रेस पर दौड़ते भारत के किसान के खेत तक पहुंचना आसान नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र में पर्याप्त सिंचाई के साधन नही हैं तथा सिचाई हेतु स्थापित नलकूपों को मुफ्त बिजली देने के वादे पर सरकार खरी नहीं उतर पाई तथा विद्युत आपूर्ति मात्र 8 घंटे कर दी गई है। किसानों का कर्ज एवं फसल का उचित दाम न मिलना भी बहुत ही बड़ी समस्या है।

(इति)

Re: Need to set up a market place (Mandi) for sale-purchase of Green Peas in Etah Parliamentary Constituency

श्री देवेश शाक्य (एटा) : मैं आप के माध्यम से सरकार का ध्यान एटा और कासगंज जिले में मटर मंडी स्थापित करने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ हमारे क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान मटर की खेती करते हैं लेकिन उन्हें अपनी फसल उचित मूल्य पर बेचने के लिए दूरदराज के बाजारों में जाना पड़ता है इससे श्रम और परिवहन लागत बढ़ जाती है और किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता गोविंदपुरा और गजंडुंडवारा मे मटर मंड़ी स्थापित करने से न केवल किसानों को सीधा लाभ होगा बल्कि स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। मंडी में भंडारण प्रसंस्करण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध होने से बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। अत: मैं संबंधित मंत्रालय से आग्रह करता हूँ कि मोहनपुरा में मटर मंडी और गजंडुंडवारा में सब्जी मंडी की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि किसानों और स्थानीय युवाओं को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

(इति)

Re: Need for clarity on Over The Top (OTT) regulation Framework

SHRIMATI JUNE MALIAH (MEDINIPUR): I rise today to bring to the attention of the Government about ongoing consultation on the regulation of Over-The-Top (OTT) platforms. With the rapid expansion of digital content consumption, OTT platforms have become a crucial part of our media and entertainment ecosystem, offering diverse content to millions of viewers. However, recent discussions on potential regulations raise concerns regarding freedom of expression, creative independence, and ease of doing business in the digital sector. While it is important to ensure responsible content dissemination and safeguard users from harmful material, excessive regulation may stifle innovation and restrict consumer choice. I urge the Government to provide clarity on the objectives of this consultation, ensure a balanced approach that safeguards creative freedom while addressing legitimate concerns, and engage with all stakeholders-including content creators, digital platforms, and consumer rights groups-before finalizing any regulatory framework. This matter requires urgent attention to ensure that any policy decision does not hamper India's thriving digital economy and aligns with global best practices. (ends)

Re: Need to declare Ramgarh, Lalgarh & Chilkigarh Rajbaris in Jhargram Parliamentary Constituency as heritage sites

SHRI KALIPADA SAREN KHERWAL (JHARGRAM): The Ramgarh Rajbari, Lalgarh Rajbari and Chilkigarh Rajbari located in my Jhargram Parliamentary Constituency are iconic landmarks that embody the rich cultural and architectural legacy of the region. These Rajbaris are not only steeped in historical significance but also stand as enduring symbols of the grandness and traditions of the area. Their preservation and development as heritage sites hold immense potential for protecting the legacy of Jhargram while boosting tourism. The Ramgarh Rajbari was the centre of the Ramgarh Raj Ram Singh during the Nawab Alibardi Khan era, showcases a unique blend of Indian architecture, reflecting its role as a key administrative center. The Lalgarh Rajbari is renowned for its intricate designs and royal families, making it a symbol of regal history. And the Chilkigarh Rajbari, associated with the Jamboni Zamindar Dhabal Deb dynasty, dates back 450 years and features the nearby Kanak Durga Temple, offering opportunities for combined heritage and pilgrimage tourism. Therefore, declaring these Rajbaris as heritage sites and allocating funds for their restoration will preserve their architectural brilliance and attract tourists across the country. I urge the Central Government to take immediate steps to conserve these estates to safeguard the historical essence of Jhargram while promoting its tourism potential. (ends)

Re: Need for tax exemption on packaged rice and rice bran in Tamil Nadu

SHRI K. E. PRAKASH (ERODE): Our Tamil Nadu Government is performing very well in the government cooperative sector in Tamil Nadu. But the Union Government is imposing a 5% GST on rice cakes packed in 1kg to 25kg packages, burdening the poor. Similarly, the Union Government has imposed a 5% GST on rice bran, which is the food for Tamil Nadu cows. About 64% of the GST tax collection comes from the common people; 33% from the middle class and only three% from the super rich.

On behalf of the Tamil Nadu Government, I request the Ministry of Finance to explain the 5% tax imposed by the Union Government on the people, which is a huge burden.

I would like to once again urge the Union Government to explain the 5% GST imposed on the common man on packaged rice and bran used for cow feed. (ends)

Re: Need to provide Health/Life Insurance coverage to Sanitation workers of the country

DR. BYREDDY SHABARI (NANDYAL): The Jan Bhagirathi initiative along with the Swachh Bharat Abhiyan, has been instrumental in realizing Mahatma Gandhi's vision of Gram Swaraj. However, it is disheartening to note that a significant number of sanitation workers are still not receiving their rightful compensation. These workers are employed at various levels, including local self-Governments and organizations such as Indian Railways, with many being hired on a contractual basis, often without their contracts being honored. In addition to the social stigma they face, these workers are also subjected to economic hardships. There are numerous instances where their payments are delayed, with many local self-Governments failing to fulfill their financial obligations to those who contribute to the cleanliness of our villages and cities. Cleanliness is akin to godliness, and it is imperative that we show the utmost respect and reverence to the men and women who maintain the hygiene of our urban and rural areas, including organizations like Indian Railways. I urge the Government to pay special attention to our sanitation workers by providing them with health insurance coverage of at least 10 lakhs, personal accident insurance of 50 lakhs, and life insurance of 50 lakhs.

(ends)

Re: Need to construct school building for Kendriya Vidyalaya in Banka, Bihar

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत बांका जिला मुख्यालय है। बांका अत्यंत पिछड़ा जिला है। यहाँ पर केन्द्रीय विद्यालय विगत 15 वर्षों से बिना भवन का हीं चल रहा है और केन्द्रीय विद्यालय भवनहींन रहने से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय विद्यालय की पढ़ाई का लाभ ठीक ढंग से नहीं मिल पा रहा है और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। केन्द्रीय विद्यालय में भवन बन जाने से छात्र-छात्राओं की परेशानियां दूर हो जएगी। बिहार सरकार के द्वारा जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है। अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि जल्द से जल्द केन्द्रीय विद्यालय, बांका का भवन निर्माण करायें। (इति)

Re: Need to provide free treatment and medicines to the children suffering from Type-1 diabetes in the country

SHRI RAJABHAU PARAG PRAKASH WAJE (NASHIK): I want to bring attention to the serious issue of Type 1 Diabetes in children. This is a lifelong disease where the child needs 4–5 insulin injections every day to survive. Along with this, they need to check their blood sugar regularly. In India, about 2.5 lakh children are living with this condition. In Maharashtra alone, over 1,400 children in Nashik and 1,500 in Sambhaji Nagar are receiving care in private clinics. Sadly, Government hospitals do not provide free insulin, sugar testing strips, or any special OPD services under schemes like Mahatma Phule Jan Arogya Yojana (MPJAY). This creates a big burden on poor families who cannot afford the high cost of treatment. That's why I request to the Central Government to kindly take the following steps: Provide free insulin and test strips at all Government hospitals. Appoint child diabetes doctors at district hospitals. Remove GST on insulin, test strips, and related supplies. Give disability certificates to these children, so they can get extra help. This will help save lives and reduce suffering for thousands of children and their families. (ends)

Re: Recent revision of text-books

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): It is quite unfortunate that recent revision of Indian textbook have sparked debate on the secular nature of country's education system under this regime. Omission of Mughal history, removing the chapters discussing democracy, secularism and citizenship from the textbook of political science is another example. It goes without saying that the politicisation of the education can polarize the society. Contribution of different community should be an integrated part of the history text books in which there is an omission about the role of Muslims. In brief the recent textbook revision have raised significant concerns about the potential shift away from India's secular education framework, highlighting the complex interplay between education, politics and national identity. (ends)

Re: Need to give environment clearance for construction of Mawana-Makdumpur road in Bijnor Parliamentary Constituency

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हस्तिनापुर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की ओर आकर्षित करना वाहता हूँ। हस्तिनापुर, जो महाभारत काल में राजधानी थी, भारतीय संस्कृति और इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहाँ कई प्राचीन मंदिर, आश्रम और अन्य धार्मिक स्थल स्थित है, जो इसे एक प्रमुख तीर्थ स्थल बनाते हैं। हस्तिनापुर में स्थित प्रमुख स्थलों में पांडेश्वर मंदिर, कर्णेश्वर मंदिर, द्रोणाचार्य आश्रम, और जैन धर्म के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल शामिल हैं। इन स्थलों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है, और यहाँ देशभर से श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं। अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि बिजनौर लोक सभा की हस्तिनापुर विधान सभा के मवाना से मकदूमपुर मार्ग, जो लगभग 13 किमी है, मुख्य सड़क है जिससे सभी तीर्थ यात्री गुजरते है, अतः इसके पुन निर्माण हेतु वन विभाग की अनापत्ति पत्र की आवश्यकता है। इस सांस्कृतिक धरोहर के विकास के लिये क्या केंद्रीय वन विभाग जनहित में अनापत्ति पत्र जारी कर रहा है? अगर नहीं तो में जल्द से जल्द यह अनापत्ति पत्र जारी कर इस सड़क का पुनः निर्माण करवाने का निवेदन करना चाहता हूँ।

(इति)

Re: Need to protect the interests of people facing demolition of their houses in Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : हमारा प्रदेश दादर और नागर हवेली और दमन और दीव छोटा प्रदेश है जो एक तरह से समुद्र की गोद में बसा हुआ है, जहां CRZ, आर्कियोलॉजी,फोरेस्ट, एयरपोर्ट का फ़नल जैसी विविध समस्याओं में मुश्किल से लोगों ने अपने घर मकान दूकान बनाए हैं, उन मकानों के नंबर भी सरकारी विभाग़ से मिले हुए है जिनका हाउस टैक्स भी जमा कराया जाता है, यही हाउस नंबर पर उन्हें लाइट तथा पानी सहित सारी सुविधायें सरकार इसी एड्रेस पर दे रही है। जानकारी के अभाव के चलते पुराने समय मकान बनाते वक्त मकान के प्लान सहित की जरूरी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी साथ ही जब हमारे प्रदेश में उद्योगों स्थापित हुए थे तब उद्योग में काम करने वाले पर-प्रांतीय लोगों ने उस समय की मांग के अनुसार मकान बना दिए गए। पंचायतों ने भी मौखिक स्वीकृति दी थी तो उन मकानों, दुकानों को हाउस नंबर मिले हैं तथा उनका हाउस टैक्स भी भरा जाता है। अब हमारा प्रशासन सालों साल पहले बने मकान जिनमें कुछ तो पुर्तगाली समय से बने हुए हैं, को तोड़ने के लिए नोटिस दे रहा है । मैं सरकार से मांग करता हूं कि उस समय की मांग के अनुसार बनाए गए मकानों, दुकानों को लीगल किया जाए और हमारे प्रदेश के लोगो के भविष्य की रक्षा करने की कृपा करें।

(इति)